प्रादेशिक समाचार बुलेटिन,
आकाशवाणी, लखनऊ।

प्रसारण तिथि : 24.04.2026 प्रसारण समय : 19:20 बजे

मुख्य समाचार :–

1. मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान आज लखनऊ में क्षेत्रोय कृषि सम्मेलन में हुए शामिल : केंद्रीय कृषि मंत्री ने कहा–हर राज्य अपनी जलवायु के हिसाब से बनाए कृषि रोडमैप।
2. मुख्यमंत्री ने कहा– उत्तर प्रदेश में "लैब टू लैंड" की अवधारणा से किसानों को हुआ लाभ।
3. मुख्यमंत्री ने आज लखनऊ में तीन दिवसीय रश्मिरथी पर्व का किया शुभारंभ : कहा– दिनकर जी ने रचनाओं के माध्यम से राष्ट्र की चेतना को किया जागरुक ।

और

4. अयोध्या में श्रीराम मंदिर परिसर में श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए अब जारी होंगे दो तरह के पास : एक पास पर अधिकतम पांच श्रद्धालु कर सकेंगे दर्शन।

————————

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान आज लखनऊ में केंद्रीय कृषि और किसान कल्याण मंत्रालय द्वारा आयोजित उत्तरी क्षेत्र कृषि सम्मेलन में शामिल हुए। इस अवसर पर केंद्रीय कृषि मंत्री ने कहा कि कृषि मंत्रालय सभी राज्यों के साथ मिलकर काम करने के लिए तत्पर है। श्री चौहान ने हर राज्य से

अपना कृषि रोडमैप तैयार करने की अपील की। केन्द्रीय कृषि मंत्री ने कहा कि विकसित कृषि संकल्प अभियान को आगे बढ़ाने के लिये राज्य योजना बनाएं। बाइट.....

*आप तय कीजिए अपने राज्य का विकसित कृषि संकल्प अभियान कब आपको चलाना है और आप अपना कार्यक्रम बना लीजिए कि हमें यह 15 दिन 20 दिन चलाना है। भारत सरकार के सब वैज्ञानिकों की टीम आ जाए। हमारी पूरी टीम आपके साथ आप जहां–जहां कहोगे वहां जाएगी, चौपाल लगाएगी, बात करेगी सीधे और किसानों तक सीधे आधुनिक ज्ञान विज्ञान और अनुसंधान को पहुंचाने का काम करेगी ताकि सीधे किसान को फायदा पहुंच सके।*

इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तर प्रदेश कृषि उत्पादन के क्षेत्र में उल्लेखनीय प्रगति कर रहा है। प्रदेश में लैब टू लैंड की अवधारणा धरातल पर उतर चुकी है, जिससे किसानों को सीधे लाभ मिल रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि अलग–अलग देशों और क्षेत्रों में भिन्न–भिन्न एग्रो–क्लाइमेटिक जोन होने के कारण नीतियां भी उसी अनुरूप तय की जानी चाहिए। बाइट.....

*अलग–अलग देश के अलग–अलग क्षेत्रों में अलग–अलग एग्रो क्लाइमेटिक जोन होने के कारण वहां की अपनी भौगोलिक और क्षेत्रीय स्थितियां वहां उस क्षेत्र के अनुसार तय करना और अगर हम लोग अलग–अलग जोन में इस प्रकार की गोष्ठी करते हैं तो उसके परिणाम भी आते हैं। पहली बार अपने इनोवेशन को व्यवहारिक धरातल पर उतारने के लिए एक बेहतरीन अवसर प्राप्त हुआ है कि लैब में हम अलग से कोई अनुसंधान करें और फिर उसको लैंड तक आने में जो समय लगता था, अब लैब को ही लैंड तक पहुंचा दिया है।*

इस सम्मेलन में विषयगत सत्रों के दौरान किसान क्रेडिट कार्ड, कृषि अवसंरचना कोष, बागवानी की अपार क्षमता, दलहन आत्मनिर्भरता मिशन, राष्ट्रीय खाद्य तेल–तिलहन मिशन और डिजिटल कृषि मिशन के अंतर्गत किसान रजिस्ट्री जैसे प्रमुख विषयों पर गहन समीक्षा और चर्चा हुई। सम्मेलन में केंद्रीय कृषि और किसान कल्याण राज्य मंत्री रामनाथ ठाकुर और भागीरथ चौधरी भी मौजूद रहे, वहीं उत्तर प्रदेश के कृषि मंत्री सूर्यप्रताप शाही सहित 9 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के मंत्री सम्मिलित हुए।

———————————

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 28 अप्रैल को वाराणसी में प्रस्तावित दौरे को लेकर तैयारियां तेज हो गई हैं। इसी क्रम में आज भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष और केंद्रीय वित्त राज्यमंत्री पंकज चौधरी ने वाराणसी में प्रधानमंत्री के प्रस्तावित दौरे पर आयोजित होने वाले 'नारी शक्ति वंदन' कार्यक्रम की तैयारियों की समीक्षा की। इस संवाद कार्यक्रम में 40 हजार से ज्यादा महिलाओं के भाग लेने की उम्मीद है। प्रधानमंत्री इस मौके पर मंच से काशी को 6 हजार 200 करोड़ रुपए से ज्यादा की परियोजनाओं की सौगात देंगे। वाराणसी के पुलिस कमिश्नर मोहित अग्रवाल ने बताया कि कार्यक्रम के लिए सुरक्षा के व्यापक प्रबंध किए गए हैं। बाइट.....

*इसको लेकर के वहां पर मंच का निर्माण बैरिकेडिंग डी इत्यादि का कार्य चल रहा है। हम लोगों ने 50 डीएफएमडी वहां पर लगाई है। 50 जगहों से चेकिंग हो कर के लोग सभा स्थल में प्रवेश कर सकेंगे। इसके अलावा सभा स्थल में जो ड्यूटीयां है क्योंकि महिलाओं की यह पूरी रैली होने जा रही है। इसलिए महिला पुलिस कर्मियों की ही ड्यूटी वहां पर लगाई जा रही है। पूरी सुरक्षा की कमान महिलाओं के हाथ में होगी। लगभग 1000 महिला पुलिस कर्मी वहां पर तैनात किए जा रहे हैं।*

———————

**मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आज लखनऊ में राष्ट्रकवि रामधारी सिंह दिनकर की काव्यकृति रश्मिरथी के हीरक जयंती वर्ष और उनकी 52वीं पुण्यतिथि के अवसर पर तीन दिवसीय रश्मिरथी पर्व का शुभारंभ किया। इस दौरान रश्मिरथी से संवाद स्मारिका का विमोचन किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने रामधारी सिंह दिनकर की स्मृतियों को याद किया, उनकी कविताओं के जरिए विपक्ष पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि दिनकर जी ने अपनी रचनाओं के माध्यम से राष्ट्र की चेतना को जागरुक किया।**

———————

## ब्रेक

**यह समाचार आप आकाशवाणी लखनऊ से सुन रहे हैं।**

**ताज़ा समाचार जानने के लिये आप हमारी वेबसाइट न्यूज़ ऑन ए0आई0आर0 डॉट जी0ओ0वी0 डॉट आई0एन0 पर लॉगिन कर सकते हैं। इसके साथ ही आप प्रादेशिक**

समाचारों का यह बुलेटिन हमारे यूट्यूब चैनल न्यूज ऑन एआईआर लखनऊ पर भी सुन सकते हैं।

———————————

प्रदेश के नगर विकास एवं ऊर्जा मंत्री ए.के. शर्मा ने निर्देश दिए हैं कि 1 किलोवाट तक के विद्युत कनेक्शन वाले उपभोक्ताओं का अगर बैलेंस नेगेटिव भी हो जाए, तब भी 30 दिनों तक उनका कनेक्शन नहीं काटा जाएगा। इसी क्रम में 2 किलोवाट के कनेक्शन वाले उपभोक्ताओं को भी राहत प्रदान की गई है। ऐसे उपभोक्ताओं का विद्युत कनेक्शन 200 रुपए तक के माइनस बैलेंस पर नहीं काटा जाएगा। बाइट.....

*जो हमारे सबसे कम भार वाले जो सबसे कम खपत वाले जो 1 किलोवाट तक के जो घरेलू उपभोक्ता हैं, उनका बिजली का बिल माइनस जो भी हो 30 दिन के पहले उनका कनेक्शन नहीं काटा जाएगा। अर्थात उनकी रिचार्ज करने की जो साइकिल है वह 30 दिन की बनाई जाएगी। पहले जिस प्रकार वह मासिक बिल का भुगतान करते थे, वैसे ही अब भी वह मासिक अपना रिचार्ज कर सकते हैं। उसके बीच में उनका कनेक्शन नहीं काटा जाएगा।*

———————————

उत्तर प्रदेश माध्यमिक संस्कृत शिक्षा परिषद की वर्ष 2026 की पूर्व मध्यमा द्वितीय–कक्षा 10वीं से उत्तर मध्यमा द्वितीय– कक्षा–12वीं तक की परीक्षाओं का परिणाम आज जारी कर दिया गया। पूर्व मध्यमा द्वितीय परीक्षा में कुल उत्तीर्ण प्रतिशत 95 दशमलव नौ एक रहा। वहीं उत्तर

मध्यमा प्रथम परीक्षा में कुल उत्तीर्ण प्रतिशत 94 दशमलव चार शून्य रहा। उत्तर मध्यमा द्वितीय परीक्षा के परिणाम में कुल उत्तीर्ण प्रतिशत 94 दशमलव आठ छह दर्ज किया गया। पूर्व मध्यमा द्वितीय में कन्नौज की सृष्टि, उत्तर मध्यमा द्वितीय में प्रतापगढ के रजनीश यादव ने शीर्ष स्थान प्राप्त किया है।

——————————

नए आयकर कानून के बारे में लोगों को जागरुक करने के उद्देश्य से आज लखनऊ में आयकर विभाग के उत्तर प्रदेश पूर्वी कार्यालय ने एक आउट रीच कार्यक्रम का आयोजन किया। कार्यक्रम में केंद्रीय प्रत्यक्ष कर बोर्ड विधि के सदस्य प्रसेनजीत सिंह ने कहा कि नया कानून करदाताओं की सुविधा को ध्यान में रख कर बनाया गया है।

——————————

प्रदेश क गन्ना विकास और चीनी उद्योग विभाग गन्ने की फसल का जीपीएस सर्वेक्षण कराएगा। गन्ना विकास और चीनी उद्योग आयुक्त वीना कुमारी मीना ने बताया कि पेराई सत्र 2026–27 के लिए गन्ना सर्वेक्षण नीति जारी कर दी गई है। यह जीपीएस सर्वेक्षण 1 मई से शुरू होकर 30 जून 2026 तक चलेगा। इसकी सूचना 3 दिन पहले सभी रजिस्टर्ड गन्ना किसानों को मोबाइल एसएमएस के जरिए

दी जाएगी। सर्वेक्षण के दौरान किसान की मौजूदगी जरूरी होगी।

——————————

अयोध्या के श्रीराम जन्मभूति तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट ने श्रद्धालुओं को सुविधा के लिए दो प्रकार के पास सुगम और सामान्य दर्शन जारी किए हैं। सुगम दर्शन पास के जरिए श्रद्धालु रामलला, रामपरिवार और परकोटा के छह मंदिरों के दर्शन कर सकेंगे, जबकि सामान्य दर्शन पास में रामलला, राम परिवार, शेषावतार मंदिर, सप्त मंदिर और कुबेर टीले के दशन शामिल हैं। इसके साथ ही अब एक पास पर अधिकतम पांच श्रद्धालु ही दर्शन कर सकेंगे, जबकि पहले यह संख्या आठ थी।

——————————

प्रदेश के कई जिलों में भीषण गर्मी और लू का प्रकोप जारी है। इटावा में जिला प्रशासन ने लोगों से दोपहर 12 से 3 बजे के बीच घर से बाहर न निकलने की अपील की है। लखनऊ मौसम विज्ञान केंद्र के वरिष्ठ मौसम वैज्ञानिक अतुल कुमार सिंह ने बताया कि अगले दो दिनों में राजधानी लखनऊ सहित अधिकांश जिलों में तापमान में वृद्धि का अनुमान है। बाइट.....

*वर्तमान समय में प्रदेश में कोई भी सक्रिय मौसम तंत्र ना होने की वजह से निचले चोपमंडल में गर्म पछुआ हवाएं आ रही हैं तथा प्रतिचक्रवात मध्य चोपमंडल में आंतरिक महाराष्ट्र एवं उसके आस–पास स्थित होने की वजह से गर्म हवाओं का अधोगमन भी हो रहा है और इन सारी परिस्थितियों की वजह*

*से प्रदेश में तापमान बढ़ रहे हैं और इस तापमान वृद्धि के कारण प्रदेश में आगामी 26 अप्रैल तक लू की स्थितियां जारी रहने की संभावना है।*

(समाप्त)